दिन– शनिवार                                                        दिनांक– 25 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                        अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में पूर्वी चंपारण, सीवान और महाराजगंज समेत प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी।

02. एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल समेत छियासी प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे।

03. सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

04. और, बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवातीय तूफान रेमल के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आज शाम से बारिश की संभावना।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। सुरक्षा की दृष्टि से वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के रामनगर विधानसभा क्षेत्र की पच्चीस बूथों और वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र की उनतीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान का समय निर्धारित है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदान चल रहा है। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही युवा, महिला, बुजुर्ग और दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि मतदान को लेकर मतदाताओं में विशेष उत्साह है।

———रिपोर्ट———

वाल्मीकिनगर और पश्चिम चम्पारण संसदीय क्षेत्र में भीषण गर्मी से बचने के लिए कई मतदान केन्द्रों पर मतदान शुरू होने के निर्धारित समय से पहले ही वोटर कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। मतदान को लेकर सभी आयु वर्ग के मतदाताओं में उत्सवी जोश देखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था होने और सुरक्षा व्यवस्था चौकस होने से लोग घरों से निकलकर मतदान केन्द्र की तरफ आ रहे हैं। बेतिया में पूर्वी चंपारण से भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। हमारे शिवहर संवाददाता ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

———रिपोर्ट———

लोकसभा चुनाव को लेकर शिवहर जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू है। मतदान के लिए सुबह 7 से ही मतदान केदो पर मतदाताओं की लंबी कतारे लग गई है। बड़ी संख्या में महिला मतदाता भी मतदान करने के लिए कतर में खड़ी है। जिले के 142 अति संवेदनशील मतदान केदो पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वहां केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

वैशाली लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। ब्योरा हमारे संवाददाता से—

———रिपोर्ट———

गोपालगंज और सीवान लोकसभा क्षेत्रों में सुबह से ही विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही है। गोपालगंज के जिलाधिकारी मकसूद आलम और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सदर प्रखंड कार्यालय स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों से मतदान करने की अपील की। महाराजगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि चिन्हित मतदान केन्द्रों से पूरी मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है।

———रिपोर्ट———

महराजगंज संसदीय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी है। क्षेत्र में लगभग 18 लाख मतदाता 5 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। युवा, महिला और दिव्यांग मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कई मतदान केंद्रों का संचालन केवल महिला कर्मियों और युवा चुनाव कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए 800 से अधिक मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सारण जिले में हाल ही में हुई हिंसा को देखते हुए, जिले के एकमा, मांझी, बनियापुर और तरैया क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से क्षेत्र की सीमाओं को सील कर दिया गया है, जिसमें सारण और सिवान से लगने वाली उत्तर प्रदेश की सीमा के साथ—साथ पटना, वैशाली, छपरा, वाराणसी, गोरखपुर और मुजफ्फरपुर से लगने वाली सीमाएं शामिल हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सारण महराजगंज से पवन कुमार सिंह।

---

मतदान के लिए मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कुछ मतदाताओं ने आकाशवाणी समाचार के साथ अपने अनुभव साझा किये।

———वॉक्सपॉप———

---

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में अर्धसैनिक बलों के साठ हजार से अधिक कर्मियों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा जिला पुलिस, होमगार्ड, सैप और बीएमपी के जवानों को भी सुरक्षा में लगाया गया है। ड्रोन, घुड़सवार दस्ते और नाव से भी निगरानी की जा रही है। सात हजार छह सौ साठ बूथों से पूरे मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है। इधर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले से नेपाल की लगी सीमाओं को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है। साथ ही उत्तर प्रदेश से लगी सीमाओं को भी सील कर दिया गया है।

---

छठे चरण के लोकसभा चुनाव में एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या अठ्हत्तर लाख तेईस हजार सात सौ तिरानवे और महिला मतदाताओं की संख्या इकहत्तर लाख सात हजार नौ सौ चौवालीस है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या चार सौ अट्ठाईस है। वहीं, दो लाख बारह हजार चार सौ छियानवे मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत राज्य की आठ संसदीय सीटों पर आठ महिला प्रत्याशियों समेत कुल छियासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। सबसे अधिक बहुजन समाज पार्टी के सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, जदयू के चार, भाजपा के तीन, राजद के चार, कांग्रेस के दो और लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के एक उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पैंतीस निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है जबकि अन्य छह सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुमार कुशवाहा और राजद के दीपक यादव के अलावा कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्रा चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बना रहे हैं। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हेना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा हैं। पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार के बीच मुख्य मुकाबला है। पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉक्टर संजय जायसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने–सामने हैं। शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु

जायसवाल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। वहीं, वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की वीणा देवी को राजद के मुन्ना शुक्ला चुनौती दे रहे हैं। गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल आमने–सामने हैं। महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है।

---

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पाटलिपुत्र, बक्सर और काराकाट संसदीय क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बिक्रम में पार्टी उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में एक चुनावी सभा करेंगे। प्रधानमंत्री का काराकाट लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा और बक्सर में पार्टी उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज आरा और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के साथ–साथ अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी रैली करेंगे। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी भोजपुर, नालंदा और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य काराकाट लोकसभा क्षेत्र के दाउदनगर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

---

छपरा में चुनावी हिंसा के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के एक और अंगरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित अंगरक्षक आफताब आलम वैशाली जिला पुलिस बल का जवान है। सारण में चुनाव प्रचार के दौरान राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के साथ रहने के कारण उसके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गयी है।

---

बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवातीय तूफान रेमल के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के.

पटेल ने बताया कि आज शाम से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। कल राज्य के पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे।

–––बाईट–––

---

आई पी एल क्रिकेट में कल रात चेन्नई के एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में दूसरे क्वालीफायर मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को छत्तीस रन से हरा दिया। आईपीएल क्रिकेट का फाइनल मुकाबला कल सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाईट राइडर्स के बीच होगा। यह मैच चेन्नई के एम.ए. चिदम्बरम स्टेडियम में खेला जाएगा।

---

अररिया जिले के जोगबनी से पुलिस ने दो नेपाली नागरिक सहित तीन अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने छठे चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– बिहार की आठ सीटों पर मतदान आज।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– राधा मोहन सिंह, मुन्ना शुक्ला और लवली आनंद समेत कई दिग्गज मैदान में।

**दैनिक भास्कर** ने सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के हवाले से लिखा है– बूथवार वोटिंग डेटा का आदेश नहीं दे सकते।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– पीएम आज पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर में।

**राष्ट्रीय सहारा** और **दैनिक आज** समेत सभी समाचार पत्रों ने चक्रवात रेमल से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण में पूर्वी चंपारण, सीवान और महाराजगंज समेत प्रदेश के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान जारी।

02. एक करोड़ उनचास लाख से अधिक मतदाता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल समेत छियासी प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे।

03. सातवें और अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पाटलिपुत्र, काराकाट और बक्सर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

04. और, बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवातीय तूफान रेमल के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में आज शाम से बारिश की संभावना।

---

**इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।**